हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 7 अगस्त 2025

04 लालची किसानों को अवैध तरीक से वेयर हाउस पर...



07 मुख्यमंत्री के दौरे से आपूर्ति विभाग के अधिकारियों...





## खबर संक्षेप

### स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए कल होगा सीटों का आवंटन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के साक्षात्कार एवं पोर्टल पर पात्रता की प्रविष्टि 6 से 7 अगस्त तक होगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 8 अगस्त को होगा। आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक किया जा सकेगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि तक प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा और प्रवेश शुल्क का भुगतान न होने की अवस्था में प्रवेश मान्य नहीं माना जाएगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अंतिम चरण होगा।

### नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 20 तक मांगे

**सीहोर।** पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2024-25 अतर्गत नवीन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन प्रारंभ हो गया है जिसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त निधारित की है। इसके लिए MPTAAS पोर्टल खोला गया है। समस्त संस्थाएं यह सुनिश्चित करे कि उनकी सस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित न रहे। सहायक सचालक पिछडा वर्ग ने समस्त सस्थाएँ को कहा है कि वो 20 अगस्त तक पात्र विद्यार्थियों से सपर्क कर छात्रवृत्ति आवेदन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करे जिससे विद्यार्थियां को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सके।

### सहायक यंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** वार्ड क्रं. 19 के पार्षद नरेन्द्र राजपूत द्वारा वार्ड वासियों के साथ विद्युत मण्डल कार्यालय पहुंच सहायक यंत्री को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि वार्ड क्रं. 19 में आपके वि विभाग द्वारा 9-10 जून 2025 से 24-25 जून 2025 तक सभी उपभोक्ताओ के मीटर रिपलेस कर स्मार्ट मीटर लगाए गये हैं। उन स्मार्ट मीटरों में बनी 15-20 दिन की रिडिंग को केवल 6 दिन दिनांक 25 जून से 30 जून में जोडकर 1 जुलाई के बिल जनरेट कर दिये, जिसमें एवरेज यूनिट प्रतिदिन बड़ गया। जिस कारण शासन द्वारा मिलने वाली सबसिडी से उपभोक्ता वंचित रह गये। मांग की गई है कि इस तरह की त्रुटि वाले बिलों तीन दिवस के अंदर संशोधन किया जावे। इस अवसर पर पार्षद नरेन्द्र राजपूत के साथ क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### दस्तक अभियान व स्टॉप डायरिया कैंपेन 16 सितंबर तक

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा 16 सितंबर 2025 तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण एवं स्टॉप डायरिया कैंपेन चलाया जायेगा। इसके तहत गंभीर कुपोषित एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं का चिन्हांकन किया जाएगा अभियान के तहत एनीमिया, निमोनिया, डायरिया की जांच एवं पहचान की जाएगी औ और विटामिन ए का अनुपूरण किया जाएगा। चिन्हांकन के पश्चात आवश्यकतानुसार बच्चों को रेफर भी किया जाएगा। अभियान के तहत आमजन को जागरूक किया जाएगा और समुचित शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस अभियान का प्रथम चरण गृह भेंट आधारित नहीं होगा यह सेवाएं आंगनबाडी केन्द्र पर संचालित की जाएगी एवं मॉप-अप दिवस में छूटे हुये बच्चों को गृह भेंट कर सेवाएं दी जाएंगी।


## दो दिन में करीब पांच लाख श्रद्धालु कांवड़ यात्रा में हुए शामिल, शिवमय हुआ शहर

# सीवन तट से शुरू हुई 11 किमी लंबी कांवड़ यात्रा साढ़े छह घंटे में पहुंची कुबेरेश्वरधाम









कांवड़ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, हेलीकाप्टर से कांवड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा। देश के कई राज्यों से कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा आव्हान पर पहुंचे श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिस कांवड़ यात्रा का इंतजार श्रद्धालु बीते एक महीने से कर रहे थे, उसका भव्य आगाज बुधवार सुबह 9.30 बजे पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में हुआ। पंडित मिश्रा अपने निवास से निकले तो उनके पीछे श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। यह यात्रा सीवन नदी के तट से शुरू होकर दोपहर लगभग 2 बजे कुबेरेश्वर धाम पहुंची। इस यात्रा को 'कलियुग में शिव युग' की वापसी बताते हुए पंडित मिश्रा ने कहा कि श्रावण मास में शिव पार्वती पृथ्वी पर वास करते हैं, इसलिए इस महीने की गई सेवा विशेष फलदायक होती है।

कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए दिल्ली, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और गुजरात सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु सीहोर पहुंचे। दो दर्जन से ज्यादा डीजे और झांकियां इस यात्रा का हिस्सा बनीं। श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूलों की वर्षा भी की गई। यात्रा के दौरान पुलिस व प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### श्रद्धालु बोले- दर्शन हुए तो सब कष्ट भूल गए

भीषण भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं की भक्ति अटूट दिखी। मथुरा से आई सरोज शर्मा ने कहा, ₹इतनी भीड़ में सांस लेना भी मुश्किल था, पर कुबेरेश्वर के दर्शन मिलते ही सब भूल गए।₹ कई अन्य श्रद्धालुओं ने कहा कि वे सालों से कांवड़ यात्रा में आते हैं, और हर बार भीड़ के बावजूद आनंद की अनुभूति होती है।

### जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की मौजूदगी

कांवड़ यात्रा में विधायक सुदेश राय, अरुणा राय, समाजसेवी अखिलेश राय, जसपाल अरोरा समेत कई जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा में भागीदारी निभाई और शिव भक्ति में लीन होकर यात्रा में सम्मिलित हुए।

### पौराणिक परंपरा और कांवड़ यात्रा का महत्व

पंडित मिश्रा ने यात्रा में बताया कि रावण ने सबसे पहले कांवड़ चढ़ाई थी। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। श्रावण मास में जल चढ़ाने से शिव कृपा मिलती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न सिर्फ आस्था बल्कि आत्मशुद्धि का भी मार्ग है।

### जनता में उठे सवाल: भक्ति जरूरी, लेकिन जान की कीमत पर नहीं

कांवड़ यात्रा भक्ति और भव्यता का प्रतीक रही, लेकिन लोगों में यह विचार तेजी से पनप रहा है कि श्रद्धा के आयोजनों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। जान की कीमत पर कोई आयोजन नहीं, इस भावना ने श्रद्धालुओं के बीच जगह बना ली।

### 300 से ज्यादा पंडाल, 100 ढोल-नगाड़े, 12 राज्यों की भागीदारी

यात्रा मार्ग पर 300 से ज्यादा सेवा पंडालों की व्यवस्था की गई थी, जहां श्रद्धालुओं को जल, भोजन और विश्राम की सुविधा दी गई। 12 राज्यों से आए भक्तों ने अपने-अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों से यात्रा की शोभा बढ़ाई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और झांकियों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

### प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी, ट्रैफिक डायवर्जन फेल

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन की योजना बनाई थी, लेकिन वह पूरी तरह फेल साबित हुई। इंदौर-भोपाल हाईवे पर 6 घंटे तक जाम लगा रहा। वाहन रेंगते रहे और श्रद्धालु फंसे रहे। स्थानीय लोगों और ट्रांसपोर्टर्स ने प्रशासन की तैयारी पर सवाल खड़े किए।

**कलेक्टर-एसपी ने दी सफाई, मौत को बताया प्राकृतिक** :सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के और एसपी दीपक शुक्ला ने बुधवार को बयान जारी कर दोनों श्रद्धालुओं की मौत को स्वास्थ्य कारणों से हुई प्राकृतिक मौत बताया। प्रशासन ने कहा कि कोई भगदड़ नहीं हुई, बल्कि दोनों की हालत पहले से ही खराब थी। हालांकि यह बयान श्रद्धालुओं और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुभवों से मेल नहीं खाता।

**सुरक्षा में तैनात रही पुलिस और स्वयंसेवक, लेकिन भीड़ बेकाबू :** सीवन घाट से कुबेरेश्वर धाम तक पुलिस बल और स्वयंसेवक लगातार तैनात रहे। नदी किनारे माइक से लगातार घोषणाएं की जाती रहीं, फिर भी इतनी विशाल भीड़ को संभालना मुश्किल साबित हुआ। हर मोड़ पर अफरातफरी का माहौल रहा।

### हाईवे पर लगा भीषण जाम

कांवड़ यात्रा की भीड़ के कारण इंदौर-भोपाल हाईवे पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। प्रशासन द्वारा डायवर्जन के बावजूद हाईवे पर लगभग 10 किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यात्रियों को घंटों तक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई, पुष्पवर्षा ने बढ़ाया उत्साह

कांवड़ यात्रा में पंडित प्रदीप मिश्रा स्वयं शामिल रहे। उन्होंने शिव पुराण का उल्लेख करते हुए कहा, ₹श्रावण मास शिव युग की वापसी है। इस मास में किया गया हर कर्म हजार गुना फल देता है।₹ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई, जिसने श्रद्धालुओं को अभिभूत कर दिया।

### सफाई मित्रों ने तत्काल की सफाई



इस भव्य आयोजन के दौरान नगर पालिका के सफाई मित्रों की जादूगरी भी देखने को मिली। दरअसल, कुबेरेश्वर धाम में अनुमानित श्रद्धालुओं की संख्या में 2 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। ऐसे में शहर में गंदगी, कचरा होना भी लाजमी था। हालांकि नगर पालिका के सफाई मित्रों ने इस गंदगी को पलक झपकते ही साफ कर दिया। जैस-जैसे कांवड़ यात्रा आगे बढ़ती गई, ठीक पीछे सफाई मित्र सफाई व्यवस्था संभालते गए।



**सीहोर।** सीवन नदी पर श्रद्धालु जूते-चप्पल छोड़कर यात्रा में नंगे पैर शामिल हुए।



**सीहोर।** कांवड़ यात्रा के चलते इंदौर-भोपाल हाइवे पर वाहन जाम के चलते रेंगते नजर आए।



**सीहोर।** होटल, लॉज फुल हो जाने के कारण श्रद्धालुओं को रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही रात गुजारनी पड़ी।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम रोजगार स्वरोजगार और अप्रेन्टिसशिप मेला 12 को

**सीहोर।** डॉ अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जिला प्रशासन के सहयोग से यंवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 अगस्त को प्रातः 11.00 से आयोजित किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिसमें निजी क्षेत्र की एनआईआईटी (एचडीएफसी, एक्सिश बैंक), वर्धमान फेब्रिक्स बुधनी, रिलायेवल फर्स्ट एलआईसी, नवकिसान बाँयो प्लांटेंक जोमेटो प्रा.लि. चेकमेट सेक्योरिटी सर्विसेस इत्यादि कम्पनियों द्वारा बैंक असिस्टेंट मैनेजर सेल्ला एवजीक्यूटिन, बीमा अभिकर्ता फाइनेंस एडवाइजर मशीन आपरेटर सेक्योरिटी गार्ड आदि पदों पर भर्ती की जावेगी। इच्छुक पुरुष, गहिला आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक एवं अन्य मूल प्रमाणपत्रों के साथ डॉ अम्बेडकर शासकीय गहिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सीहोर में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले के अवसर पर जिला चिकित्सालय द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यकम अंतर्गत मेले में उपस्थित युवक/युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा जिसमें सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हिमोग्लोबिन, बीएमआई, ब्लड प्रेशर आदि की जांच एवं मानसिक स्वास्थ्य, यौन, प्रजनन स्वास्थ्य, नशा, पोषण आदि पर चिकित्सक अधिकारी एवं परामर्शदाता द्वारा परामर्श प्रदान किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन 15 अगस्त तक

**सीहोर।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है। विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। आवेदक आधिकारिक पोर्टल पर पंजीयन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का मुख्य उद्देश्य युवाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों की सराहना करना, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना और अन्य बच्चों को प्रेरित करना है।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा आष्टा वृत्त में अलग-अलग स्थानों दबिश दी गई। दबिश के दौरान 07 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2560 रूपये है। इसके साथ ही 03 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी वर्षा उईके एवं आबकारी टीम द्वारा की गई।

---

### एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम की गई गठित, पंचनामा बनाकर कृषि विभाग को सौंपी उपज

# लालची किसानों को अवैध तरीक से वेयर हाउस पर मूंग की उपज बेचना पड़ा महंगा, दो ट्रालियां जब्त

मूंग बेचने आए इन दोनों किसानों की उपज मंडी में क्रमशः 7000 और 7750 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से अमित ट्रेड्स नामक व्यापारी द्वारा खरीदी जा रही थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

सोमवार को भैरुंदा कृषि उपज मंडी में मूंग उपज लेकर आए ग्राम आगरा के दो किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियों को जांच दल द्वारा बिजला स्थित एनपी वेयरहाउस से जब्त कर, मौके पर पंचनामा कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी एवं तहसीलदार संदीप गौर के निर्देश पर गठित जांच टीम द्वारा की गई। जप्त की गई ट्रालियां फिलहाल कृषि विभाग के सुपुर्द की गई हैं।




#### नीलामी प्रक्रिया और उसका निरस्तीकरण...

मूंग बेचने आए इन दोनों किसानों की उपज मंडी में क्रमशः 7000 और 7750 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से अमित ट्रेड्स नामक व्यापारी द्वारा खरीदी जा रही थी। इस दौरान मौके पर मौजूद संजय मालवीय निवासी भैरुंदा ने किसानों को बहकाते हुए कहा कि यह मूल्य बहुत कम है और उसने यह भी कहा कि मेरा स्लॉट (खाता) खरीदी केंद्र पर खाली है, मैं 8000 रुपये प्रति क्विंटल में मूंग खरीद लूंगा। इस लालच में आकर किसानों ने मंडी में हुई वैध नीलामी को निरस्त करवा दिया और मूंग की ट्रालियों को लेकर बिजला एनपी वेयरहाउस पहुंच गए, जो कि सरकारी उपार्जन केंद्र नहीं है।

#### प्रशासन की कार्रवाई

प्रशासन को जैसे ही इस अनियमितता की सूचना मिली, तहसील कार्यालय द्वारा जांच दल गठित कर वेयरहाउस भेजा गया। जांच के दौरान मौके पर पाई गई मूंग की दोनों ट्रालियों को तत्काल प्रभाव से जप्त किया गया और पंचनामा बनाकर विधिवत कार्रवाई की गई।

#### किसानों ने अपने कथनों में बताया कि

1. सरवन केवट, पिता नर्मदा प्रसाद, निवासी ग्राम आगरा ने बताया कि उन्होंने 8.50 बीघा निजी भूमि पर मूंग की फसल उगाई थी। लेकिन उनका खाता सातराना सोसायटी में डिफॉल्टर होने के कारण उनका पंजीयन नहीं हो पाया, जिससे वे सरकारी उपार्जन केंद्र में उपज नहीं बेच सके। कृषि ऊपज मंडी में नीलामी के दौरान 7750 रुपए प्रति क्विंटल में अमित ट्रेड्स द्वारा खरीदी की गई थी। परिचित संजय मालवीय ने कहा मूंग बहुत कम भाव में खरीदी गई है। मेरा स्लाड खाली है 8 हज़ार रुपए प्रति क्विंटल दूंगा एन पी बेयरहाउस पर तुलवा दो।
2. सुनील केवट और सुरेश केवट, निवासी ग्राम आगरा ने बताया कि वे मूंग की ट्राली सोनालिका ट्रैक्टर में मंडी लेकर आए थे। जब अमित ट्रेड्स ने मूंग 7000 रुपये प्रति क्विंटल में खरीदने का सौदा तय किया, तभी संजय मालवीय ने 8000 रुपए का ऑफर देकर सरकारी प्रक्रिया को दरकिनार करने की सलाह दी।

#### क्या बोले एसडीएम

एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने बताया 4अगस्त को दो किसानों ने मंडी नीलामी निरस्त कर किसी दूसरे किसान के स्लाड पर एन पी बेयरहाउस उपार्जन केन्द्र पर बेचने पहुंचे थे। पटवारियों एवं कृषि मंडी सचिव द्वारा दो किसानों की ट्रॉली जिसमें करीबन 80क्विंटल मूंग जब्त की गई थी जो कि कृषि मंडी के सुपूर्द की गई।

---

## एसडीएम का हुआ स्थानांतरण, किसान संघ ने कहा अपने कार्यकाल में किसानों के हित में अनेक कार्यों को किया

**भैरुंदा।** एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी का स्थानांतरण होने पर बुधवार को किसान संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी का स्वागत किया गया। इस दौरान किसान संघ के पदाधिकारियों ने साफा बांधकर फूलमाला पहनाकर साल श्रीफल के साथ प्रशंसिक चिन्ह बैठकर बिदाई दी गई। इस मौके पर संदीप गौर जो कि गोपालपुर क्षेत्र नायाब तहसीलदार के पद पर कार्यरत थे उन्हें तहसीलदार का दायित्व मिलने पर उनका भी साफा पहनाकर,साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।



किसान संघ के पदाधिकारियों कहा एसडीएम मंदन सिंह रघुवंशी द्वारा अपने कार्यकाल में किसानों के हित में कई सराहनीय कार्य किए हैं। नवीन कृषि ऊपज मण्डी का अतिक्रमण हटाने से लेकर क्षेत्र में किसान ट्रैक्टर रैलियां के दौरान प्रशासन की व्यवस्थाएं बनाए , खाद किल्लत से परेशान किसानों को खाद की व्यवस्था उपलब्ध कराया। मूंग खरीदी के दौरान उपार्जन केन्द्रों का लगातार निरीक्षण पर किसानों को हो रही परेशानियों का समाधान करना उन्हें हर संभव विधायक उपलब्ध कराना जैसे किसानों के हित में अनेकों सराहनीय कार्य किए हैं। इस दौरान एसडीएम मंदन सिंह रघुवंशी, तहसीलदार संदीप गौर, नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, और किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस के तहत किया गया 721 बच्चों का टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया।

जिले में 05 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 491 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 230 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 76 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## दोषी चिकित्सक पर हो कठोर कार्रवाई : पंकज शर्मा

**सीहोर।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों उनके द्वारा जिला चिकित्सालय सीहोर में पदस्थ डॉक्टर फैजल अंसारी के बारे में एक लिखित शिकायत कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर की गई थी, जिसमें इस डॉक्टर द्वारा की जा रही अनियमितताओं और अपने स्थान पर किराए के डॉक्टर रखने तथा स्वयं अपने निजी क्लीनिक में बैठकर इलाज करने की बात कही गई थी। पंकज शर्मा की शिकायत के बाद जिला प्रशासन द्वारा अस्पताल प्रबंधन को एक समिति बनाकर मामले की जांच करने का निर्देश दिया गया था, जिस पर अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टर आरके वर्मा के नेतृत्व में एक कमेटी बनाकर मामले की जांच प्रारंभ की। इसी कड़ी में कमेटी ने मंगलवार को शिकायतकर्ता पंकज शर्मा को अपने समक्ष पेश होने तथा आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा था, जिस पर उन्होंने समिति के समक्ष अपने बयान दर्ज कराकर डॉक्टर फैजल अंसारी के खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई भी अन्य डॉक्टर इस प्रकार अपने कर्तव्य में घोर लापरवाही और गरीब मरीजों की जान से खिलवाड़ ना कर सके। पंकज शर्मा द्वारा इस पूरे घटनाक्रम के बारे में लिखित रूप से अपने बयान कमेटी को दे दिए गए हैं और मामले में दोषी डॉक्टर फैजल अंसारी तथा उनके स्थान पर अस्पताल में अनधिकृत रूप से मरीजों को देखकर उनकी जान से खिलवाड़ कर रहे डॉक्टर नितेश गौर तथा डॉक्टर सुधीर पोरवाल के खिलाफ आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई लिए जाने की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा है कि यदि इन तीनों दोषी चिकित्सकों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वो इस मामले को उच्च स्तर पर लेकर जाने के लिए विवश होंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी सीहोर जिला प्रशासन और जिला चिकित्सालय प्रबंधन की होगी।

## आज होगा भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणि का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ गीता मानस में जारी सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के पांचवे दिवस कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का प्रसंग सुनाया। इस दौरान भगवान के जन्मोत्सव, उनके नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

पंडित उपाध्याय ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। इस मौके पर गोवर्धन लीला की झांकी भी सजाई गई। कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर नाचते रहे।



कथावाचक पंडित श्री उपाध्याय ने कहाकि गोवर्धन पूजा वास्तव में प्रकृति की पूजा है। मनुष्य का शरीर पांच महाभूतों से बना है। प्रकृति से संबंध टूटने पर अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने गौ माता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कहा कि पहले गायों की पूजा होती थी, लेकिन आज उनकी उपेक्षा हो रही है। गाय की दयनीय स्थिति के लिए हम सब जिम्मेदार हैं। गाय तभी हमारा पोषण कर सकती है, जब हम उसका शोषण बंद करें।

### हरदयाल फिर बने ब्लॉक अध्यक्ष

**बुधनी।** हरदयाल सिंह आजाद को एक बार फिर सर्वसम्मति से प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्ति पर शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के संगठन से सम्बद्ध सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं जिनमे बीईओ शशी सिंह,बीआरसी मणि शंकर शर्मा,सांदीपनि विद्यालय की प्राचार्य सुधा सालोमन,पीएम श्री विद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी यादव,नवीन तनेजा, आर के मिश्रा,नरेंद्र कुमार डाले,एमपी दायमा,टी आर कीर, ऐ के देवलीया,गोपाल सोनी,बृजेश शर्मा, डीएस राणा,कमल मालवीय आदि शामिल रहे।



## गोपालपुर में डिग्री कॉलेज भवन निर्माण के लिए रास्ता साफ, प्रशासन ने पुलिस सहायता भेजने के दिए निर्देश

**भैरुंदा।** गोपालपुर में प्रस्तावित शासकीय डिग्री कॉलेज भवन और आयुष अस्पताल के लिए वर्षों से लंबित निर्माण कार्य अब गति पकड़ता नजर आ रहा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के उपसंभागीय अधिकारी द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि कॉलेज भवन निर्माण के लिए आवंटित शासकीय भूमि तक पहुँच मार्ग के निर्माण की अनुमति मिल चुकी है। इस हेतु 500 मीटर लंबाई में निजी भूमि पर मुरम डालकर अस्थायी रास्ता बनाया जाना है, जिससे निर्माण सामग्री और मशीनरी कॉलेज परिसर तक पहुँचाई जा सके।

इस संबंध में गोपालपुर थाने को पत्र भेजकर निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त पत्र में उल्लेख है कि निजी भूमि स्वामी मंगत द्वारा इस मार्ग निर्माण में सहयोग नहीं किया जा रहा था, जिसे लेकर नायब तहसीलदार गोपालपुर और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मुआवजा वितरण की कार्यवाही कर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। गोपालपुर में शासकीय डिग्री कॉलेज भवन और आयुष अस्पताल की माँग कई वर्षों से की जा रही थी। लगभग दो वर्ष पूर्व इसकी स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन भवन निर्माण स्थल तक पहुँच मार्ग न होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका था। भूमि स्वामी द्वारा रास्ता न देने की स्थिति में विवाद की स्थिति बन रही थी, जिसके समाधान के लिए प्रशासन को मुआवजा वितरण एवं राजस्व कार्रवाई करनी पड़ी। जबकि सभी प्रशासनिक औपचारिकताएँ पूर्ण हो चुकी हैं, पीडब्ल्यूडी द्वारा मार्ग निर्माण का कार्य पुनः प्रारंभ किया जा रहा है। एहतियातन पुलिस बल की तैनाती कर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।



### पीएम के नाम संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा

# हिंदु लड़कियों को मुस्लिम बनाने वाले छांगुर बाबा के खिलाफ निकाली विरोध रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने जनसंख्या को नियंत्रित किए जाने,बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों पर सख्त कार्रवाही किए जाने सहित एक से अधिक पत्नियों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले लोगों को आजीवन कारावास की कठौर सजा दिए जाने और हिन्दु लड़कियों को मुस्लिम बनाने वाले छांगुर बाबा जैसे लोगों को सीधे फांसी पर लटकाने की मांग की।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ प्रमुख अतुल राठौर के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडों के साथ बस स्टेंड से कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर आनंद रजावत को दिया।अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने कहा कि आज भारत के किसी भी प्रदेश में हिंदू समाज सुरक्षित नहीं है। हिन्दुओं के सभी त्योहारों पर देश के किसी न किसी हिस्से में, या देश के किसी न किसी शहर में हमले हो रहे है। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुए दंगों में हिंदुओं को मारा गया। पहलगाम में विशेष समुदाय ने सुनियोजित तरीके से आतंकी घटना को अंजाम देकर हिन्दूओं को मार डाला। बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार किया जा रहा है। सभी घटनाओं का कारण देश में बढ़ती हुई जनसंख्या और बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठिऐं है। छांगुर जैसे लोग नकली बाबा बनकर विदेशी धन के बल पर हिन्दु युवतियों को धर्मांतरण करा रहे है यह लोग हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बने हुए हैं। छांगुर जैसे लोगों के विरुद्ध सरकार को ऑपरेशन चलाने की आवश्यकता है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल देश हित में बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए कठोर कानून बनाने,कोई व्यक्ति एक या एक से अधिक पत्तियों से दो से ज्यादा बच्चे पैदा करता है तो उस पति पत्नी को आजीवन कारावास जैसे कठोर दंड देने, सभी शासकीय सुविधाओं से वंचित करने की मांग भारत सरकार से करता है।




## 95 की हुई निशुल्क जांच, 47 का होगा मोतियाबिंद का मुफ्त में ऑपरेशन

**सीहोर।** लायंस क्लब, सीहोर, सिद्धपुर एवं सेवा सदन, बैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज इंग्लिशपुरा स्थित सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर संपन्न हुआ। शिविर में 95 लोगों ने निशुल्क जांच का लाभ लिया, जिनमें से 47 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका अब बैरागढ़ स्थित सेवा सदन अस्पताल में निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क रहेगा।

इस शिविर का संचालन ऑप्टोमेट्रिस्ट जितेंद्र पाठक एवं सहायक स्टाफ भावना परमार द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। दोनों ने शिविर में आने वाले सभी लाभार्थियों की जांच, स्क्रीनिंग एवं समुचित मार्गदर्शन सुनिश्चित किया। इस दौरान लायंस क्लब से अजय राय, डॉ. अभिषेक शर्मा, विनीत दुबे, संजय जोशी, जयेंद्र सिंह सेंगर, कपिल जैन, निखिल राणपुरिया, परभजीत सिंह अरोरा एवं जयंत दसवानी उपस्थित रहे।




## ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

देवास। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में थाना कमलापुर द्वारा सुरेंद्र उर्फ सोनू पिता अजब सिंह सेंधव उम्र 40 साल निवासी ग्राम अमरपुरा, मुकेश दांगी चापड़ा को वाहन चेकिंग के दौरान रोका गया जो शराब के नशे में होकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते पाए जाने पर उनके विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय बागली पेश करने पर न्यायालय द्वारा अनावेदक करने के विरुद्ध 10/10 हजार रुपए का जुर्माना करने के पश्चात वाहन सुपुर्दगी पर दिया गया। पुलिस द्वारा की गई उक्त कार्यवाही मे उप निरी उपेन्द्र नाहर थाना प्रभारी कमलापुर उप निरी. राकेश चौकी चापड़ा, प्र. आर. बलसिंह तोमर, प्र.आर. अर्जुन, विवेक, आर. लोकेश का कार्रवाई में सराहनीय योगदान रहा है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से आपूर्ति विभाग के अधिकारियों में हड़कंप, पांच हजार टन से ज्यादा राशन ढूंढ रहे

*अब पीओएस मशीनों के बचे राशन स्टॉक को खत्म करने क्षेत्र में दौड़े अधिकारी, नमक वितरण कर सुधार रहे वितरण प्रतिशत, पूर्व सीएम ने गरीबों के राशन में लापरवाही पर जिला आपूर्ति एवं खाद्य अधिकारी को किया था मंच से सस्पेंड*




प्रदेश भर मे बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट, नए आवंटन का कर रहे इंतजार

जिले की राशन दुकानों से 20 करोड़ बाजार मूल्य का 5 हजार टन राशन किया गायब

सत्यापन के नाम पर अधिकारियों ने की अनियमितताएं आपूर्ति विभाग के पास कोरोना के समय का डंटा उपलब्ध नहीं

आपूर्ति विभाग का खेल! अकेले ब्यावरा ब्लॉक से 6.73 करोड़ का 1672 टन राशन गायब

प्रदेश भर में बंद हुई आपूर्ति विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट

जिले भर में 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीनों से हटाया

आदेश प्राप्त हुआ है

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा जिले भर की कई राशन दुकानों के भौतिक सत्यापन के नाम पर 5 हजार टन से ज्यादा राशन पीओएस मशीन से बिना किसी पूर्व रिकॉर्ड के हटा दिया गया है। हजारों टन राशन मशीनों से क्यों हटा और इतना राशन मशीनों में कैसे रह गया था इसका स्पष्ट जबाव संबंधित विभाग के मुखियाओं के पास नहीं है। हालात यह है कि ब्यावरा-राजगढ की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी स्वाती वायकर इन बातों का आज तक उत्तर नहीं दे पाई वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह भी गोलमोल जबाव देकर बचते रहे।

सत्यापन में हटाए गए राशन का आवंटन कब हुआ किस वेयरहाउस से यह माल रिलीज हुआ और किन हितग्राहियों को ध्यान में रखकर हजारों टन राशन दुकानों तक पहुंचा दिया गया । अकेले कोरोना के समय का कहकर अधिकारी इस भ्रष्टाचार को छुपा नहीं सकते । अधिकारियों पर दुकानदार से सांठ-गांठ के आरोप भी लगे है । जिले के कालीपीठ क्षेत्र में गरीबों को राशन न मिलने की एक शिकायत पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने राजगढ की भरी सभा के दौरान ही संबंधित अधिकारियों का निलंबन किया था।

### तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह ने मंच से की थी कार्रवाई

15 जनवरी 2022 में जिले के कालीपीठ क्षेत्र से गरीबों के राशन आवंटन में मिली शिकायत पर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने सभा के दौरान ही मंच से प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सुरेश वर्मा एवं फूड इंस्पेक्टर को तत्काल सस्पेंड किया था। इस तरह के निर्णय भ्रष्टाचार नियंत्रण के लिए जरूरी है अब देखना यह है कि हमारे प्रदेश के मुखिया अपने दौरे के दौरान गरीबों के राशन गटकने वालों पर कार्रवाई करते है या फिर अभयदान देते है।

### कई हितग्राहियों को तो 3 माह का नमक भी नहीं हो पाया नसीब

मुख्यमंत्री के जिले में आगमन से डरे हुए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के हाल बेहाल हो चुके है वह किसी भी तरह अपना रिकॉर्ड सही कर अनियमितताओं से पल्ला झाडना चाहते है और अपने आम को बचाना चाहते है इसी क्रम में 5 अगस्त को भी आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने दुकान नं 3204063 से 67 परिवारों को 194 किलो नमक का वितरण किया वहीं राशन दुकान 3204067 से 18 परिवारों को 18 किलो एवं 3204070 से 30 परिवारों को 30 किलों नकम का वितरण यह बताने के लिए काफी है कि जिले में शतप्रतिशत राशन वितरण दिखाने के लिए अधिकारी क्या नहीं कर रहे होंगे? इसमें विचारणीय विंदु यह है कि कई हितग्राहियों को तो 3माह का नमक भी नसीब नहीं हो पाया।

### लापरवाही के चलते नहीं बंटा 2 माह में शत-प्रतिशत राशन

कुछ राशन दुकानों का डाटा जो यह बताने के लिए काफी है कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने जिले भर में 5 अगस्त को खानापूर्ति करने पोर्टेबिलिटि का मंत्र क्यों याद आया जबकि केंद्र सरकार ने जून जुलाई और अगस्त तीन महिने का आवंटन जून से पहले ही राशन दुकानदारों को उपलब्ध करवा दिया था फिर भी दो माह निकल जाने के बाद भी गरीब हितग्राही राशन के लिए परेशान हो रहे है और अधिकारी मौज कर रहे है। नीचे कुछ दुकानों के नंबर दिए गए है जिनसे समझा जा सकता है कि 5 अगस्त को ही इन दुकानों पर रखा स्टॉफ अधिकारीयों ने खत्म कराकर 100 प्रतिशत आवंटन बताने के लिए अपनी कमर कस ली है।

| दुकान नंबर | गेहूं | चावल |
|---|---|---|
| 3204060 | 131 | 13 |
| 3204061 | 00 | 678 |
| 3204062 | 00 | 118 |
| 3204063 | 800 | 6200 |
| 3204065 | 00 | 248 |
| 3204067 | 500 | 1563 |
| 3204068 | 3000 | 00 |
| 3204070 | 1000 | 1600 |

**इनका कहना है**

पोर्टेबिलिटी होने के कारण हम यहां का राशन किसी ओर राशन दुकान पर बांट सकते है। परंतु 5 अगस्त पर वांटने की बात पर अधिकारी ने जबाव नहीं दिया।

**अजीत सिंह**, जिला आपूर्ति अधिकारी राजगढ़

### हितग्राहियों के हित को प्रशासन कर रहा नजरअंदाज

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लगातार अपनी गलती छुपाने में लगा हुआ है जिसमें जून माह से ही अलग-अलग आदेश जारी कर 3 माह का राशन हितग्राहियों को देने की बात कहते हुए जिला प्रशासन से आदेश जारी किए गए आखरी आदेश 31 जुलाई तक का आया जिसमें इन तीन माह के राशन लेने से बचे हुए हितग्राहियों को राशन लेने की बात कही गई परंतु परिणाम संतोषप्रद नही निकले और अगस्त में आज भी हितग्राही परेशान हो रहे है। ऐसे में विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है ।

## सारंगपुर में हत्या का खुलासा

# लेन-देन को लेकर, पूर्व सदर के बेटे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



### 31 जुलाई को पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद पुलिस जांच में जुटी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर के मंडाई मोहल्ले से 30 जुलाई की रात को लापता पूर्व अंजुमन सदर निजामुद्दीन शेख उर्फ सेठू बाबा के 43 वर्षीय बेटे सेफुद्दीन शेख की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। सोमवार शाम उसका शव शहर के पास एक नाले में झाड़ियों में दबा हुआ मिला, शव को पत्थर बांधकर छिपाने की कोशिश की गई थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पैसों के लेन-देन को लेकर हत्या का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी अमित तोलानी रात में ही सारंगपुर पहुंचे और लाइन ऑर्डर कंट्रोल करते हुए चक्काजाम सहित अन्य स्थिति को नियंत्रित किया। एहतियातन चार थानों का बल और रिजर्व फोर्स तैनात किया गया था। स्थिति को देखते हुए मृतक का शव पीएम के लिए राजगढ़ भेजा गया, जहां से मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

### हत्या के आरोप में एक आरोपी हिरासत में

एसपी अमित तोलानी ने मंगलवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि शव की पहचान के तुरंत बाद पुलिस ने घटनास्थल से जुटाए गए सबूतों और परिजनों से मिली जानकारी के आधार पर संदेही आरोपी श्याम पुष्पद को हिरासत में लिया है। आरोपी से पूछताछ जारी है पुलिस अन्य संभावित आरोपियों पर भी नजर बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला पैसों के लेन-देन को लेकर उपजे विवाद का प्रतीत हो रहा है।

### गुमशुदगी से हत्या तक की कहानी


30 जुलाई की रात करीब 8 बजे सेफुद्दीन शेख यह कहकर घर से निकले थे कि "15 मिनट में आता हूं", लेकिन देर रात तक वापस न आने पर पिता ने उसकी तलाश शुरू की। 31 जुलाई को पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसके बाद से पुलिस जांच में जुटी सोमवार को लापता व्यक्ति का शव मिला तो पूरा शहर स्तब्ध रह गया और विरोध में चक्काजाम कर विरोध दर्ज किया,

### अंजुमन कमेटी ने की आरोपी के मकान तोड़ने की मांग- सौंपा ज्ञापन

सारंगपुर में पूर्व सदर के बेटे की हत्या के मामले अंजुमन कमेटी ने मंगलवार सारंगपुर थाने एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। अंजुमन सदर ने थाने में एडिशनल एसपी को ज्ञापन देकर आरोपी का घर तोड़ने की मांग की और कहा की इस घटना से मुस्लिम समाज में भय व्याप्त है। मंगलवार को हत्या के आरोपी श्याम पुष्पद के पकड़े जाने के बाद अंजुमन सदर एमए अलीम कुरैशी,मुस्लिम समाज के मौलाना साजिद कूरैशी,डॉ रफीक, हलीम कुरैशी और टीम के साथ थाने पहुंचे। जहां अतिरिक्त एसपी के.एल.बंजारे को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी को सख्त सजा व अवैध बना उसका घर तोड़ा जाए।

## सोशल मीडिया पर वायरल

# स्वास्थ्य विभाग का भर्ती संबंधी फर्जी पत्र वायरल, किया खंडन



**राजगढ़।** जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एटीएस के पद पर सीधी संबंधी एक पत्र कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नियुक्ति हेतु कक्षा दसवीं उत्तीर्ण योग्यता, वेतन, भत्ता आदि का जिक्र करते हुए आवेदन मांगे जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने उक्त भर्ती संबंधी पत्र और खबर को पूरी तरह फर्जी बताते हुए विभागीय रूप से इसका खंडन जारी किया है। सीएमएचओ डॉ. पटेल ने प्रेसनोट जारी करते हुए कहा कि इस तरह की कोई भी भर्ती या नियुक्ति संबंधी सूचना स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी नहीं की गई है। विभाग युवाओं से अपील करता है कि इस तरह की फर्जी खबरों से गुमराह न हों और किसी के बहकावे में आकर कहीं भी आवेदन जमा न करें। इसके साथ ही किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का शुल्क या राशि का भुगतान न किया जाए।

### विभाग ने जारी की एडवाइजरी

आजकल सोशल मीडिया पर कई ऐसे गिरोह काम कर रहे हैं जो फर्जी नियुक्ति करवाने का लुभावना ऑफर इत्यादि देकर लोगों को ठगने में लगे हुए हैं। विभाग द्वारा किसी भी जानकारी, सूचना अथवा विज्ञापन हेतु विभागीय वेबसाइट अथवा विश्वसनीय समाचार पत्रों के माध्यम से ही प्रसारित की जाती है। सीएमएचओ ने कहा कि यदि फिर भी कोई व्यक्ति अथवा वाट्सएप पर किसी के द्वारा कोई मेसेज प्रसारित किया जा रहा है तो तुरंत विभाग को सूचित करें।

### स्कॉर्पियो हादसे में थाना प्रभारी अनिल राहौरिया गंभीर रूप से घायल



**सारंगपुर ।** सारंगपुर अनुभाग अंतर्गत लीमाचैहान थाना प्रभारी एसआई अनिल राहौरिया मंगलवार सुबह ड्यूटी के लिए सारंगपुर जा रहे थे, जब उनकी स्कॉर्पियो वाहन (एमपी 08 जेडएफ 3468) ग्रामीण क्षेत्र परसूलिया के पास हादसे का शिकार हो गई। सामने से आ रही मोटरसाइकिल को बचाने की कोशिश में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एसआई राहौरिया को सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं। उन्हें तत्काल ब्यावरा के निदान ट्रॉमा एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सिर में गंभीर चोट की पुष्टि की और बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया था।

## श्रृंगार के लिए उज्जैन के गुलाब

# खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

**ब्यावरा।** श्री खाटू श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने बाबा का विशेष श्रृंगार गुलाब के फूलों से किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया। बाबा खाटू श्याम जी के श्रृंगार के लिए उज्जैन से 51 किलो गुलाब के फूल मंगवाए गए। गुलाब के अलावा श्रृंगार में पीतांबरी गेंदे के फूलों का भी उपयोग किया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

शहर के अलावा आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। इस दिन करीब 80 हजार भक्तों ने बाबा के दर्शन किए। निशान यात्रा के दौरान कई भक्त उत्साह से नृत्य करते हुए मंदिर पहुंचे। इस मंदिर में हर एकादशी को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। जिले और आसपास के क्षेत्रों से हजारों भक्त दर्शन के लिए आते हैं।पुत्रदा



एकादशी पर्व हर साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की मनोकामना पूरी होती है। एकादशी के अवसर पर कई गांवों से निशान यात्राएं ढोल और डीजे के साथ मंदिर पहुंचीं।

ग्रामीणों ने आस्थापूर्ण माहौल में बाबा श्री खाटू श्याम जी को निशान समर्पित किए। शहर के पिंजरा गली स्थित काली माता मंदिर से भी एक निशान यात्रा बाबा खाटू श्याम जी के मंदिर पहुंची।

## सरपंच-सचिव पर गांव में कार्य नहीं करवाने का लगाया आरोप

# पूरा गांव कीचड़ में तब्दील, स्कूल भी जर्जर जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे विद्यार्थी

**खिलचीपुर।** सरपंच- सचिव के मनमानीपूर्ण रवैये के चलते राशि का दुरुपयोग किया जाता है वहीं अपने चहेते गांव में सीसी रोड, आवास, शौचालय आदि का निर्माण करवा दिया जाता है ओर अन्य गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, ऐसा ही एक मामला जनपद खिलचीपुर के ग्राम पंचायत करकरी में देखने को मिला कि सरपंच- सचिव द्वारा अपने चहेते गांव में तो भरपूर विकास किया लेकिन मोतीपुरा ग्रामवासी आज भी कीचड़ में चलने को मजबूर है वहीं जर्जर बिल्डिंग में अपने बच्चों को जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं।

मोतीपुरा ग्राम वासियों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या का हल बरसो बीत जाने पर नहीं हो सका, जबकि ग्रामीण जनों ने अपनी समस्या कई बार वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत कर बताई लेकिन कोई हल नहीं निकला। ग्रामीण ने बताया कि सरपंच 10 वर्षों से है पिछले कार्यकाल में भी यही सरपंच थे लेकिन सरपंच ने 10 वर्षों में हमारे गांव में कोई विकास कार्य नहीं कराया है, हम कीचड़ में जीवन यापन करने को मजबूर है। हमारे गांव का स्कूल भी क्षतिग्रस्त है उस स्कूल में जान जोखिम में डालकर हमारे बच्चे पढ़ रहे हैं , कभी भी कोई हादसा हो सकता है। गांव में अभी भी कई कच्चे मकान है लेकिन सरपंच आवास नहीं देते जो उनकी सेवा करता है उन्हीं को आवास देते



हैं । ग्रामीणों ने सरपंच- सचिव पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाते हुए कहा ग्राम पंचायत में ऐसे कई काम है जो कागजों में तो दिखते हैं लेकिन जमीनी हकीकत में मौजूद नहीं है ,यदि ठीक से जांच की जावे तो लाखों का भ्रष्टाचार उजागर होगा।

**इनका कहना है**

मुरम , बोल्डर डराकर कीचड़ खत्म करवा देंगे, वही स्कूल मरम्मत की राशि आने पर स्कूल दुरुस्त कर देंगे। **मोहन लाल चैहान**, सरपंच ग्रापं करकरी।

## जिला अस्पताल के पूर्व प्रस्तावित दौरे के तहत पहुंची क्षेत्रीय संचालक डॉ. चौधरी

# पहले से थी खबर: अस्पताल निरीक्षण में चकपक मिली व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल का हाल किसी से छिपा नहीं है। कभी स्टाफ द्वारा मरीजों के साथ बदसलूकी तो कभी अन्य तरह की अव्यवस्थाएं यहां अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की क्षेत्रीय संचालक डॉ. मीरा चैधरी मंगलवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंची। चूंकि, क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी का यह दौरा पूर्व से प्रस्तावित था, ऐसे में जिला अस्पताल की समस्त व्यवस्थाएं उन्हें पूरी तरह चाक-चैबंद ही नजर आईं। प्रत्येक वार्ड में साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाएं आम दिनों की अपेक्षा से काफी बेहतर कर दी गई थीं, ऐसे में जिला अस्पताल के निरीक्षण में किसी तरह की कोई खास कमी नजर नहीं आई।

क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी ने अस्पताल की विभिन्न ईकाईयों जैसे टीकाकरण, महिला वार्ड, प्रसूती वार्ड, मेटरनिटी विंग, सुमन हेल्प डेस्क, जननी सुरक्षा योजना भुगतान सहित एसएनसीयू का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से भी बातचीत करते हुए अस्पताल की सेवाओं के बारे में



जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल से कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

### अनुकंपा संबंधी एक शिकायत पर भी की जांच

जिला अस्पताल में अनुकंपा नियुक्ति में गड़बड़ी संबंधी एक शिकायत की जांच भी क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी द्वारा की गई। इसके साथ ही कुछ अन्य विभागीय शिकायतों को लेकर भी उन्होंने जांच की है जिससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

**हर माह अनेकों प्रसूताएं की जा रही हैं रेफर:** राजगढ़ जिला अस्पताल की प्रसूती विंग से हर माह अनेकों प्रसूताओं को छोटी-मोटी समस्याओं को क्रिटिकल केस बताते हुए भोपाल या अन्य शहरों में रेफर किया जा रहा है। जबकि, दूसरे अस्पतालों में पहुंचने पर उन्हीं प्रसूताओं की सामान्य डिलेवरी हो जाया करती हैं। इन सब बातों पर बगैर गौर किए क्षेत्रीय संचालक जब गर्भवति महिलाओं के वार्ड में पहुंची तो उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश प्रसारित किए कि गर्भवति महिलाओं की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

### अपने स्तर से खरीद ली जाएं दवाइयां

जिला अस्पताल के सरदार वल्लभ भाई पटेल औषधी केंद्र पर कई दवाईयों की कमी बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्रीय संचालक डॉ. चैधरी ने सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि आवश्यक दवाईयां अपने स्तर से खरीद ली जाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल, डीएचओ-1 डॉ. राजीव हरिऔध, जिला महामारी नियंत्रक डॉ. महेंद्र पाल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी में गंदगी का साम्राज्य



**जीरापुर।** नगर के मध्य स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में संचालित सब्जी मंडी में गंदगी का साम्राज्य छाया हुआ है। सब्जी मंडी के पूर्व और दक्षिण हिस्से तथा पश्चिमी हिस्से में सब्जी मंडी से निकलने वाले सड़े-गले फल एवं सब्जियां डाली जाती है जो गंदगी एवं बदबू से सरोबार होकर नगर की स्वच्छता पर प्रश्न चिन्ह बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक विगत कई वर्षों से पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रातः बड़े रूप में सब्जी मंडी का संचालन हो रहा है, जहां पर बड़ी संख्या में सब्जी एवं फल फ्रूट का क्रय -विक्रय होता है , इसको लेकर कृषि उपज मंडी द्वारा टेक्स भी वसूला जाता है । लेकिन सब्जी मंडी की स्वच्छता पर कृषि उपज मंडी एवं नगर परिषद का कोई ध्यान नहीं , बहरहाल स्थिति यह बनी हुई है कि जहां पर कचरा-कूड़ा ,सड़े-गले फल पड़े हैं वहां पर खड़ा होना भी मुश्किल होता है।दूसरी और अक्सर ध्यान दिया जाए तो स्वच्छता के नाम पर नवीन प्रयास करके शहरों, नगरों एवं गांव को स्वच्छता मिशन के रूप में नंबर वन बनाने की होड़ मची हुई जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मध्य प्रदेश का इंदौर जिला जो लगातार स्वच्छता में नंबर वन पर आ रहा है ओर यदि नगर में देखें तो कई ऐसे स्थान है जहां पर कूड़ा कचरा पड़ा रहता है।

खबर संक्षेप

## पीलेश्वर महादेव का पार्वती नदी के जल से किया अभिषेक



**कोठरी।** आष्टा जनपद पंचायत के ग्राम निपानिया कला में सोमवार को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। पिपलेश्वर मंदिर से कांवड़ यात्रा सुबह 9 प्रारंभ हुई। हाथों में भगवा ध्वज लिए मातृशक्ति सिर पर कलश लेकर बोल-बम बोल-बम के जय घोष के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। जगह-जगह पुष्प वर्षा से कावड़ियों का स्वागत किया। पार्वती नदी से जल भरकर पिपलेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और मातृशक्ति पार्वती नदी बोरखेड़ा से जल भरकर पिपलेश्वर महादेव मंदिर में अभिषेक किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष और आष्टा जनपद के पूर्व प्रधान कैलाश पटेल नेतृत्व में कावड़ यात्रा निकल गई।

## हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता को लेकर कार्यशाला संपन्न

**आष्टा।** शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत के गांवों में 06 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता और स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग मनाया जायेगा। इस सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी नितिन टाले द्वारा सम्बंधित विभागों को निर्देश जारी किये। अभियान अंतर्गत संपादित किए जाने वाली गतिविधियों के चरणबद्ध क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक के लिए जनपद पंचायत स्थित सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित व्यास द्वारा तिरंगे से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी, स्वच्छ सुजल गांव शपथ, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा प्रश्नोत्तरी, सैन्य बालों और पुलिस कर्मियों को पत्र लेखन, सार्वजनिक स्थानों व संस्थाओं में सफाई अभियान, नालों एवं नालियों की सफाई,सामुदायिक स्वच्छता परिसरों, सेग्रिगेशन शेड की सफाई का कार्य, आज़ादी का स्वच्छता श्रमदान,जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित संरचनाओं की सफाई एवं पेंटिंग कार्य, तिरंगा बाइक व सायकल रैली, ग्राम जल और स्वच्छता समितियों की बैठक को लेकर चर्चा हुई। कार्यशाला में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नवीन देवलिया .ब्लॉक समन्वयक, प्रधान मंत्री आवास रीना सोनी, पीसीओ वउपयंत्रीगण उपस्थित थे,कार्यशाला का समन्वयन गौरव सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने जनसुनवाई में आवेदन देकर लगाए सिराड़ी के सरपंच उपसरपंच पर आरोप

# सरपंच व उपसरपंच को अयोग्य घोषित करने ग्रामीणों की कलेक्टर से गुहार

ग्रामीणों का आरोप है कि महिला सरपंच और सरपंच पति दो-दो पद पर काबिज, नियमों का उल्लंघन कर रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



ग्राम सिराड़ी के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर महिला सरपंच और उपसरपंच को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। जनसुनवाई में गुलाब सिंह, पवन, नकुल, राजू, दिलीप कुमार, प्रदीप, मनोज, प्रभुलाल, मोहनलाल, बबलू, संदीप, महेश, विजय सिंह, दिनेश, कैलाश, तोरण सिंह ने शिकायत पत्र सौंपा। उनका आरोप है कि दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित रासलाखेड़ी एवं दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिराड़ी श्यामपुर जिला सीहोर के ग्राम वासियों द्वारा उपपंजीयक सहकारिता विभाग सीहोर में शिकायत की गई थी। जिसमें उपपंजीयक सहकारिता विभाग द्वारा रोहित नागर अंकेक्षक को दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिराड़ी एवं रासलाखेड़ी की जांच सौंपी गई थी। जांच में यह पाया गया कि चंद्रकला दांगी आज दिनांक तक दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित रासलाखेड़ी के सचिव पद पर पदस्थ है और ग्राम पंचायत सिराड़ी की सरपंच भी है। बैंक ऑफ इंडिया शाखा श्यामपुर में बचत खाता से आहरण किया जा रहा है। इसी प्रकार दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिराड़ी के सचिव रघुवीर सिंह दांगी है। इसका खाता भी बैंक ऑफ इंडिया शाखा श्यामपुर में बचत खाता से आहरण किया जा रहा है। जबकि रघुवीर सिंह दांगी ग्राम पंचायत सिराड़ी का वर्तमान में उपसरपंच भी है, उपरोक्त दोनों पति- पत्नि ने मिथ्या कथन दिया है कि हमने संस्था को सचिव पद से त्याग पत्र दे दिया है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 36 (1) में सरपंच और उपसरपंच अयोग्यता का उल्लेख किया गया है। जिसके अनुसार यदि कोई व्यक्ति सरपंच एवं उपसरपंच के पद पर रहकर अन्य किसी सहकारी संस्था में आर्थिक लाभ प्राप्त करता है, तो वह सरपंच एवं उपसरपंच पद से अयोग्य घोषित हो जाता है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि ग्राम पंचायत सिराड़ी की महिला सरपंच एवं उपसरपंच को अयोग्य घोषित करने की कृपा करें। ग्रामीणों का आरोप है कि बैंक ऑफ इंडिया से जानकारी प्राप्त हुई कि दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित रासलाखेड़ी के खाते का संचालन आज दिनांक तक चंद्रकला दांगी द्वारा किया जा रहा है। इसी प्रकार दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिराड़ी का बैंक ऑफ इंडिया में खाता है। उसका संचालन रघुवीर सिंह दांगी द्वारा किया जा रहा है। जांच अधिकारी ने पूछा तो सचिव का कहना है कि हमने दूध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित रासलाखेड़ी के सचिव पद से त्याग पत्र दे दिया है।

# भोपाल-इंदौर हाईवे पर लगा 8 किमी लंबा जाम

### यात्री होते रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भोपाल इंदौर हाईवे पर आष्टा-सीहोर के बीच लंबा जाम लग गया। बुधवार सुबह भी जाम नहीं खुला। जाम के कारण हजारों वाहन कतार में लगे रहे। बता दें कि कुबेश्वर धाम में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर प्रदेश, ही नहीं महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु दो दिन पहले ही पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि प्रशासन की सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गई। हाईवे पर लंबा जाम लग गया। रात 2 बजे से लेकर बुधवार सुबह 8 बजे तक जाम नहीं खुला। जाम में हजारों वाहन फंसे हुए हैं। करीब 8 से 10 किलोमीटर के बीच वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ा। प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस भी लगातार जाम खोलने के प्रयास करती रही, लेकिन हजारों की संख्या में हाईवे पर वाहन आने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। आष्टा, अमला, सीहोर के बीच कई जगह लंबा जाम लग गया। इधर सीहोर भोपाल के लिए ग्रामीण क्षेत्र से जाने वाले गावखेड़ा, इछावर, अमलाह मार्गों पर भी वाहनों का जाम लग गया। भोपाल इंदौर हाईवे पर जाम लगने के कारण भोपाल इंदौर सहित अन्य क्षेत्रों में चलने वाली यात्री बसें जाम में फस गई। साथ में जो जरूरी काम से जाने वाले लोगों को भी जाम में फंसने से परेशानी उठाना पड़ा। एसडीओपी आकाश मालाकार ने बताया है कि पुलिस प्रशासन जाम खोलने में लगा हुआ है ज्यादा वाहन आने से ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है कई वाहनों को ग्रामीण क्षेत्र के परिवर्तित मार्गो से भी भेजा जा रहा है।

## एंजल्स स्कूल में शिक्षिका का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




बुधवार को एंजल्स पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम के माध्यम से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय की शिक्षिका मधु मेवाडा का सम्मान किया गया। उन्होने कठिन परिश्रम के साथ अग्निवीर परिक्षा में पूरे भोपाल संभाग में प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। उनके इस प्रयास पर विद्यालय में उनका सम्मान विद्यालय के डायरेक्टर सर, प्रिंसिपल सर, प्रिंसिपल मेडम तथा वायस प्रिंसिपल सर के द्वारा उन्हे उपहार देकर किया। इस खुशी के अवसर पर मधु मेडम को बधाई देते हुए डायरेक्टर सर तथा प्रिंसिपल सर ने उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी । और मधु मेडम ने भी अपने कठिन परिश्रम को बच्चो के साथ साझा किया।

## कक्षा प्रतिनिधि चयन व शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा प्रतिनिधि का चुनाव किया गया। साथ ही विद्यालय से हेड बॉय हेड गर्ल चुने गए। हेड बॉय अभिषेक वर्मा एवं हेड गर्ल रौनक वर्मा को चुना गया। कक्षा 12 से कक्षा प्रतिनिधि मयंक मेवाड़ा, वेदिका ठाकुर कक्षा 11से दक्ष पटेल, कुमकुम कासन्या कक्षा 10 से हर्षवर्धन ठाकुर ,दीक्षा सोनगर कक्षा 9से अभिमन्यु ठाकुर नम्रता परमार कक्षा 8th से विभा ठाकुर वैभव ठाकुर कक्षा 7thसे वेदिका ठाकुर विनीत विश्वकर्मा कक्षा 6th से हिमांशु मेवाड़ा हीरामणि ठाकुर कक्षा 5th से वीर ठाकुर कृष्णा परमार कक्षा 4 से हर्षित परमार रक्षिता गौतम कक्षा 3 से हर्षित कुशवाह पंखुड़ी वर्मा साथ ही सभी कक्षा प्रतिनिधि को अपने कर्तव्य निर्वाह के लिए प्राचार्य रीना ठाकुर द्वारा शपथ दिलवाई गई। संस्था संचालक भोलू सिंह ठाकुर सहसंचालक जीवन सिंह ठाकुर एवं सभी शिक्षक शिक्षकों द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई।

## विहिप की प्रांतीय बैठक में जिला अध्यक्ष और समरस्ता प्रमुख की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रांत बैठक में ग्राम खाचरोद के रेवा शंकर जाट को बजरंग दल सीहोर जिला अध्यक्ष व ग्राम पगारिया हाट के राजेंद्र सिंह टांक को प्रांत सह समरसता प्रमुख बनाया गया। इस अवसर पर ग्राम खाचरोद में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों पदाधिकारी को प्रखंड के समस्त विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा हार फूल माला पहनाकर वह साफा बांधकर स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर खाचरोद, खामखेड़ा, भील खेड़ी, बडघाटी, रोलागांव, बडखोला, छापर, रामपुरा, कन्नौद शिवाजी, पिराना खेड़ी, नौगांव, बापचा, उदयपुर, सिद्धिगंज, श्यामपुरा, उमरद, सामरीबोदा आदि गांव के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मंडी सचिव नरेंद्र मेश्राम का किया स्वागत

**आष्टा।** उन्नतशील फल, सब्जी मंडी व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति के नवागत मंडी सचिव नरेन्द्र मेश्राम को पुष्प गुच्छ भेंट कर सौजन्य भेंट की। श्री कुशवाह ने मंडी सचिव को अपने व्यापारी भाइयों को आ रही परेशानियों से अवगत कराया और मंगलवार 12 अगस्त को मुस्लिम समाज की जमात का कार्यक्रम होने के कारण फल सब्जी मंडी का नीलामी काम का अवकाश रखने को कहा। मंडी सचिव ने अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुना और समझा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपके व्यापारी भाइयों की समस्याओं का निराकृत कराने के साथ ही 12 अगस्त को नीलाम कार्य बंद करने की मुनादी कराने की बात कही।



## विश्वकर्मा बने पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



पिछड़ा वर्ग महापंचायत के संरक्षण डॉ. तरूण मुरारी बापू एवं साधना सिंह चौहान पूर्व ग्रह मंत्री भूपेन्द्र सिंह की अनुसंश से पिछड़ा वर्ग महापंचायत प्रदेशाध्यक्ष राजेश जी विश्वकर्मा ने मदन विश्वकर्मा को प्रदेश में मंत्री नियुक्त किया गया। जिसमें जावर के नगर व ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए प्रतिक चिन्ह व साफा बांधकर स्वागत किया। इसी बीच कार्यकर्ताओं के बीच में नवनियुक्त पिछड़ा वर्ग प्रदेश के महापंचायत के मदन विश्वकर्मा ने अपने उद्बोदन में कहा कि मैं कार्यकर्ताओं के बीच मेरा स्नेह और हर कार्यां के लिए मैं तत्पर रहुंगा व मेरा स्नेह आपके बीच ही रहेगा व कार्यकर्ताओं को जोड़कर अनेक कार्यां मिलजुल कर पार्टी का एवं हर वर्ग को जोडकर रखेंगे। भाजपा मण्डल द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख रूप से स्वागतकर्ता में जिला महामंत्री दारा सिंह जी पटेल मण्डल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ठाकर, बाबूलाल जी पटेल, कल्यान सिंह ठाकर, मनोज वैध्य (अ.न.प. जावर), तेजसिंह कप्तान उपाध्यक्ष, राजेन्द्र केशव, जयसिंह ठाकुर, किशेर पाटीदार, राजा ठाकुर महामंत्री, धर्मेन्द्र मालवीय, योगेश जी भावसार, प्रमसिंह महांकाल, पंकज जैन, दयाराम जी परिहार, राजेन्द्र सिंह सेंधव, कैलाश सोलंकी, सुनिल कुमार लोधी, ज्ञानसिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र ठाकुर, विरेन्द्र ठाकुर, हरेन्द्र विश्वकर्मा, संजय मालवीय, दिनेश पाटीदार, मुकेश मकोड़यि, देवेन्द्र ठाकुर, देवकरण परिहार, छोटू विश्वकर्मा, मोहन पाटीदार आदि कार्यकर्ताओं ने स्वागज किया।

## जिला खाद्य पदार्थ अधिकारी की टीम ने किया निरीक्षण, कई दुकानों से सैंपल भी लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अहमदपुर में बुधवार को उस समय दुकानदारों, होटल संचालकों, दूध, पनीर, दही, मावा बेचने बाले दुकानदारों में भगदड़ उस समय मच गई जब जिला मुख्यालय से खाद्य विभाग के अधिकारी अचानक निरीक्षण करने के लिए अहमदपुर पहुंचे। अहमदपुर मे जिला खाद्य पदार्थो के निरीक्षण के लिए जिला खाद्य पदार्थ अधिकारी की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अहमदपुर में किराना दुकान, होटल का टीम ने दिनभर निरीक्षण किया। इसी के साथ ही टीम ने साफ-सफाई को लेकर निर्देश भी दिए। साथ ही कई दुकानों से सैंपल भी लिए गए। दिनभर दुकान और होटल का निरंक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर कर चले गए। वहीं खाद्य अधिकारी दीपाली कांगे ने बताया कि कुछ किराना दुकानों और कुछ होटलों के सैंपलिंग और नमूना जांच के लिए लिए गए हैं। जिन्हें भोपाल प्रयोग शाला में जांच के लिए भेजा जाएगा।

### टीम को देख दुकानदारों ने दुकानें की बंद

खाद्य विभाग के अधिकारी दिनभर बाजार में रहे जिस कारण से बाजार में कई किराना दुकाने और होटल बंद नजर आई। बताया गया है कि सोयाबीन बड़ी के किराना दुकानों से सैंपल लिए गए हैं। होटल में मलाई बर्फी और बर्फी के भी सैंपल लिए गए हैं, किराना दुकान और होटल से जो सैंपलिंग नमूना जांच के लिए गया है। उसे भोपाल प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। ऐसा खाद्य अधिकारी दीपाली कांगे ने कहा है, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान सभी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी प्रतिष्ठान या होटल में मिलावटी खाद्य सामग्री का निर्माण व विक्रय ना करें, व साफ-सफाई बनाए रखें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### भारतीय जनता पार्टी ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर की बैठक

# जिला महामंत्री ने कार्यक्रमों को लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर आयोजित होने वाले तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जावर मंडल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला महामंत्री धारा सिंह पटेल ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, खुमान सिंह, किशोर पाटीदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, जय सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह, कप्तान ,अजाप सेठ, प्रेम सिंह, राजेंद्र सिंह, तेज सिंह गुड्डू, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, नर्बत सिंह, सुनील लोधी, कैलाश सोलंकी, संजय पहलवान, विजेंद्र सरदार, ज्ञान सिंह पटेल, धर्मेंद्र सिंह, दयाराम परिहार, हरेंद्र विश्वकर्मा, दिनेश पाटीदार, महामंत्री धर्मेंद्र मालवीय, देवकरण पाठुंडियां एवं सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री राजा ठाकुर ने किया।

## रक्षाबंधन पर सावनी प्रथा, नारियल देने की परंपरा हो समाप्तः पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व को सादगी और आत्मीयता के साथ मनाने की अपील करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी, कृषि पंडित एवं मानाखेड़ी कोठरी एवं आस पास गांव के प्रतिष्ठित समाज प्रतिनिधि बालदेव प्रसाद पटेल ने सावनी प्रथा एवं नारियल (गोले) देने की चलन को समाजहित में समाप्त करने का आग्रह किया है। श्री पटेल ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और स्नेह का प्रतीक है, जिसे सादगी और प्रेम से मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सावनी प्रथा और नारियल देने की परंपरा अब केवल औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बन गई है, जिससे आम परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है।उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि इस पर्व को असली भावना के साथ मनाएं, जिसमें न लेन-देन हो, न दिखावा।

भाई-बहन का रिश्ता उपहारों से नहीं, बल्कि भावनाओं और विश्वास से मजबूत होता है। श्री पटेल की इस सोच का ग्रामीण क्षेत्रों के कई गणमान्य नागरिकों व समाजजनों ने मुक्तकंठ से समर्थन किया है। लोगों का कहना है कि ऐसे कदम समाज को दिखावे से हटाकर सच्चे मूल्यों की ओर ले जाते है।